## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक – 16.11.2025 (सुबह – 0830 बजे)

### मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री ने कहा–जनजातियों का कल्याण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता,जनजातीय समुदायों पर अन्याय समाप्त करने और विकास का लाभ पहुंचाने का संकल्प दोहराया।
2. जनजातीय गौरव दिवस पर राज्यपाल ने कहा–भगवान बिरसा का जीवन पीढ़ियों को करेगा प्रेरित, जनजातीय समाज से शिक्षा के प्रति और जागरूक होने का आह्वान।
3. झारखंड स्थापना के रजत पर्व पर आज भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम, रांची में जतरा का आयोजन, ड्रोन शो में दिखेगी राज्य की गौरव गाथा, यातायात व्यवस्था में बदलाव।
4. जामताड़ा जिले में पुलिस ने चार साइबर अपराधियों को किया गिरफ्तार, फर्जी बैंक अधिकारी बनकर झारखंड बिहार, पश्चिम बंगाल के लोगों से करते थे ठगी।
5. और रांची, खूंटी समेत राज्य के कई जिलों में आज चलेगी शीतलहर,मौसम विभाग का येलो अलर्ट जारी, मैक्लूस्कीगंज का पारा 6 डिग्री सेल्सियस पहुंचा।

*************************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि जनजातियों का कल्याण हमेशा से उनकी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जनजातीय समुदायों के साथ हो रहे अन्याय को समाप्त करने और विकास का लाभ उन तक पहुँचाने के लिए सरकार के अटूट संकल्प की पुष्टि की। जनजातीय गौरव दिवस पर गुजरात में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि जनजातीय गौरव हज़ारों वर्षों से भारत की चेतना का अभिन्न अंग रहा है।

*************************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा का जीवन केवल इतिहास का एक अध्याय नहीं, बल्कि संघर्ष, त्याग, स्वाभिमान और कर्तव्य का ऐसा प्रकाश–स्तंभ है जो आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा। राज्यपाल रांची विश्वविद्यालय के दीक्षांत मंडप में जनजातीय गौरव दिवस आयोजन समिति की ओर से आयोजित जनजातीय गौरव दिवस के कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने जनजातीय समाज से शिक्षा के प्रति और अधिक जागरूक होने का आह्वान किया और कहा कि यह सुखद है कि आज जनजातीय समाज में शिक्षा के प्रति उत्साह बढ़ा है और बेटियाँ विद्यालय और महाविद्यालयों में सक्रिय रूप से शिक्षा प्राप्त कर रही हैं। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि वे भगवान बिरसा मुंडा के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाएं और झारखंड और देश के विकास में योगदान दें।

*************************

झारखंड स्थापना दिवस पर रांची के मोराबादी मैदान में दो दिवसीय समारोह के दूसरे दिन आज भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। पहली बार झारखंड में "जतरा" का आयोजन किया गया है। यह यात्रा डोरंडा से शुरू होकर कचहरी चौक होते हुए जेल पार्क में समाप्त होगी। जतरा में लगभग 4 हजार कलाकार राज्य की विविध सांस्कृतिक झलक पेश करेंगे। शाम को मोरहाबादी मैदान में भव्य ड्रोन शो आयोजित किया जाएगा, जिसमें भगवान बिरसा मुंडा की जीवनगाथा और झारखंड की समृद्ध संस्कृति को आकर्षक दृश्यों के माध्यम से प्रदर्शित किया जाएगा। इसके अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रम में राज्य के पारम्परिक विधाओं का समावेश करते हुए राज्य की समृद्ध कला संस्कृति प्रदर्शित की जाएगी जिसका थीम रिदम ऑफ फॉक होगा।

*************************

साहिबगंज के नमामि गंगे घाट से यूनिटी मार्च का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों शहरवासियों ने भाग लिया। इसके साथ ही पटेल चौक पर सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में माय भारत द्वारा देशभर में इस कार्यक्रम को आयोजित किया जा रहा है। इसके तहत विभिन्न कार्यक्रमों निबंध, रंगोली और उत्कृष्ट रील प्रतियोगिता का भी आयोजन होना है जिसमें विजेताओं को राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कृत किया जाएगा।

*************************

आज राष्ट्रीय प्रेस दिवस है। यह दिवस स्वतंत्र और दायित्वपूर्ण प्रेस की भूमिका को मान्यता प्रदान करने के लिए मनाया जाता है। यह दिन भारतीय प्रेस परिषद की स्थापना के उपलक्ष्य में भी मनाया जाता है। परिषद ने 1966 में इसी दिन अपना कामकाज शुरू किया था। इस वर्ष का विषय बढ़ती गलत सूचनाओं के बीच प्रेस की विश्वसनीयता की रक्षा पर केंद्रित है। राष्ट्रीय प्रेस दिवस देश के लोकतंत्र को मज़बूत बनाने में प्रेस की महत्वपूर्ण भूमिका की याद दिलाता है।

*************************

जामताड़ा जिले के नारायणपुर थाना क्षेत्र से पुलिस ने चार साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय संजय कुमार ने बताया कि ये सभी लोग फर्जी बैंक अधिकारी बनकर झारखंड के अलावा बिहार, पश्चिम बंगाल के लोगों से ठगी करते थे।

*************************

सिमडेगा जिले में पुलिस ने मानसिक रूप से विक्षिप्त एक नाबालिग लड़के को बेचने की कोशिश कर रहे मानव तस्कर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक एम अर्शी ने बताया कि जिले के कुरडेग थाना क्षेत्र में नाबालिग लड़के की गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने छापेमारी कर आरोपी को गिरफ्तार करते हुए लड़के को सुरक्षित बरामद किया। इस घटना के पीछे मानव तस्करी के एक गिरोह की संभावित भूमिका की भी जांच की जा रही है।

*************************

जामताड़ा जिले के नारायणपुर थाना क्षेत्र में दो बाइक की भीषण टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि चार अन्य गंभीर रूप से जख्मी हो गए। स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी की पहल पर चारों घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच धनबाद रेफर कर दिया गया

*************************

गढ़वा जिला अंतर्गत शहीद निलांबर पीतांबर उत्तरी कोयल परियोजना के शेष कार्य को शीघ्र पूरा करने की पहल शुरू कर दी गयी है।

*************************

मौसम विभाग ने आज रांची सहित 12 जिलों में शीतलहर चलने की चेतावनी दी है। इनमें रांची, रामगढ़, बोकारो, गढ़वा, पलामू, चतरा, हजारीबाग, लातेहार, लोहरदगा, गुमला, खूंटी और सिमडेगा शामिल हैं। मौसम विभाग ने इसके लिए यलो अलर्ट जारी किया है । रांची के मैक्लुस्कीगंज का पारा कल 6 डिग्री पर पहुंच गया। वहीं गुमला का न्यूनतम तापमान छह डिग्री लुढ़ककर 6.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

*************************

और अब अखबारों की सुर्खियां–

- रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने झारखंड स्थापना दिवस के उत्साह की खबर को पहले पन्ने की सुर्खी बनायी है।
- हिन्दुस्तान के शब्द हैं–जनजातीय गौरव दिवस : भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर उलिहातू पहुंचे राज्यपाल और सीएम ने दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि।
- दैनिक भास्कर ने लिखा है–रांची सदर अस्पताल में सफल सर्जरी, डॉक्टरों ने गला कटे मरीज की बचाई जान।
- प्रभात खबर लिखता है–उत्सवः झारखंड के रजत जयंती समरोह का गवाह बना मोरहाबादी मैदान।
- दैनिक जागरण की सुर्खी है–अंतराष्ट्रीय नेटवर्क के जरिये आईएसआई ने कराया दिल्ली ब्लास्ट।

*******************